इन्क्यूबेटर सेन्टर में राजकीय स्टार्टअप दिवस मनाया

कोटा @ पत्रिका. इन्क्यूबेटर सेन्टर में राजकीय स्टार्टअप दिवस पर सोमवार को विभिन्न स्टार्टअप संबंधी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। शुरुआत में इन्क्यूबेटर सेन्टर डीओआईटी उपनिदेशक मनोज कुमार मीना ने जिले में स्टार्टअप के प्रोत्साहन के लिए आपेक्षित विभागीय सहयोग का पूर्ण आश्वासन दिया। स्टार्टअप मेंटर्स रोहिणी शर्मा व आयुष त्यागी ने राजस्थान सरकार की स्टार्टअप पॉलिसी के बारे में बताया। कार्यक्रम में स्टार्टअप बूटकैम्प का आयोजन किया। इसमें विपुल पालीवाल, विजय जोहर, लव अग्रवाल ने मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्टार्टअप्स के बीच नेटवर्किंग स्थापित करना, उद्यमियों को नवाचार के लिए प्रोत्साहित करना, रोजगार सृजित करना व राष्ट्र निर्माण में योगदान देना है। कार्यक्रम में 150 से अधिक उद्योगपतियों एवं स्टार्टअप्स ने जिले में स्थापित नए 100 सीटर इन्क्यूबेटर में उपलब्ध अत्याधुनिक सुविधाओं को देखा व जानकारी ली। दीएसएसआई एसोसिएशन के संस्थापक अध्यक्ष गोविन्द राम मित्तल, अध्यक्ष राजकुमार जैन, एसएसआई बीएनआई निदेशक लव अग्रवाल, रोटरी क्लब अध्यक्ष वैशाली भार्गव ने कार्यक्रम में स्टार्टअप्स को आगे बढ़ने के जानकारी साझा की। कार्यक्रम में डीओआईटी विभाग से विकास कुमार, सूचना सहायक सुरेन्द्र कुमार एवं अन्य उपस्थित रहे।